संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)

(छ.ग. विश्वविद्यालय (संशोधन) अधिनियम, 18/2008 द्वारा स्थापित)

E_Mail:- registrarsua@yahoo.co.in Phone:- 07774-222789, Fax:- 222791

क्रमांक– 713/परीक्षा/ई–03/2021 अम्बिकापुर, दिनांक, 12/03/2021

विशेष/पूरक परीक्षा 2020 के लिए निर्देश

01. संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों/शिक्षण विभाग के स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा (वार्षिक/सेमेस्टर) परीक्षा सत्र 2019–20 के नियमित/पूरक/अनुत्तीर्ण/ एटीकेटी/भूतपूर्व/ऐसे परीक्षार्थी जो अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट हैं जिन्होने "विशेष परीक्षा" में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा आवेदन फार्म भरा है, उनके लिए "विशेष परीक्षा" का आयोजन ऑनलाईन ओपन बुक पद्धति के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 15 मार्च 2021 से पूर्व घोषित समय–सारणी के अनुसार परीक्षा आयोजित है। विशेष परीक्षा के लिए दिशा निर्देश भी दिये जा चुके हैं इसी अनुक्रम में पुनः दिशा निर्देश प्रसारित किया जा रहा है।

02. छात्र–छात्रायें **"उक्त परीक्षा"** हेतु प्रवेशपत्र **sua1.empfrm.com** से डाउनलोड कर सकते हैं।

03. उत्तरपुस्तिका के लिए परीक्षार्थी सामान्य A-4 साईज का पेज (स्टेपल्ड) कर उपयोग कर सकते हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग–अलग उत्तरपुस्तिका बनाना अनिवार्य होगा।

04. छात्र–छात्रायें संबंधित महाविद्यालय के वेबसाईट से भी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। विशेष परीक्षा 2020 के लिए दर्शाई गई समय–सारणी की तिथि को प्रातः 07:00 बजे से प्रश्नपत्र अपलोड हो जाएगी परीक्षार्थी अपने से चयनित विषय से संबंधित प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय के वेबसाईट, महाविद्यालय/केन्द्र के लॉगिन आईडी से प्राप्त कर सकते हैं। प्रश्नपत्र प्राप्त न होने की स्थिति से परीक्षार्थी संबंधित जिले के अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य तथा विश्वविद्यालय के निम्नलिखित अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं –

    1. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी – गोपनीय – 8871651803
    2. विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी – गोपनीय – 9826141303
    3. सहायक कुलसचिव – परीक्षा – 8959210151

05. **परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के कव्हर पेज को विश्वविद्यालय के वेबसाईट sua1.empfrm.com पर Download Answer Sheet Main Page लिंक को क्लिक कर डाउनलोड/प्रिंट कर उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ को प्रयुक्त करते हुए उत्तरपुस्तिका बनाकर उपयोग किया जाना है। मुख्य पृष्ठ में महाविद्यालय कोड अंकित करना अनिवार्य है।**

06. समस्त कक्षाओं के प्रश्नपत्र निर्धारित तिथि अनुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **sua1.empfrm.com** पर **Download Question Paper** लिंक को क्लिक कर परीक्षार्थी अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड करेंगे।

09 मुख्य पृष्ठ में छात्र संबंधित समस्त जानकारियाँ जैसे कि अनुक्रमांक, नामांकन क्रमांक, परीक्षा का नाम विषय व प्रश्नपत्र महाविद्यालय का नाम इत्यादि साफ–साफ अक्षर में भरना छात्रों की जिम्मेदारी होगी, हर एक पृष्ठ पर छात्र अपने हस्ताक्षर अवश्य करें।

10 कोविड–19 से उत्पन्न विषम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एवं शासन द्वारा गाईडलाईन का पालन करते हुए परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकायें परीक्षा समाप्ति के तीन दिवस के भीतर महाविद्यालयों में जमा करेंगे। इस हेतु वे महाविद्यालय में संपर्क कर दिशा–निर्देश प्राप्त कर सकते हैं।

Notification-31

Scanned by CamScanner

किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन 7081365720 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

11. परीक्षार्थी जिस महाविद्यालय को अपना परीक्षा केन्द्र बनाया है उसी केन्द्र में जाकर अपनी उत्तरपुस्तिका समय–सारणी में दर्शाई गई तिथि के भीतर जमा करायें तथा पावती प्राप्त करें।
12. उत्तरपुस्तिकाओं को जमा करते वक्त प्रवेशपत्र की प्रति साथ में रखें।
13. छात्र अपने हित में अपनी उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति अवश्य संधारित रखें।

टीप– महाविद्यालय छात्रों से उत्तरपुस्तिका जमा कराने हेतु सामाजिक दुरी का पालन करते हुए कक्षा/विषयवार विशेष काउन्टर बनाकर परीक्षार्थियों से उत्तरपुस्तिकायें जमा करायें।

आदेशानुसार

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

पृ.क्रमांक– 714/परीक्षा/ई–03/2021 अम्बिकापुर, दिनांक, 12/03/2021
प्रतिलिपि –

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर के सूचनार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
3. विभागाध्यक्ष, समस्त शैक्षणिक विभाग, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर।
4. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर की ओर छात्रों को अधिक से अधिक सूचित करने की कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
5. वित्त अधिकारी, सहायक कुलसचिव/विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी, वित्त/अकादमिक गोपनीय/परीक्षा/स्थापना/भण्डार/वाहन प्रकोष्ठ, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर (छ.ग.)।
6. प्रॉक्टर/जनसम्पर्क अधिकारी, गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर को सूचनार्थ।
7. सम्पादक/ब्यूरो चीफ ....की ओर इस निवेदन के साथ प्रेषित की वे उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम को छात्र हित में परीक्षार्थियों के सूचनार्थ अपनें लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में समाचार वृत्त के रूप में निःशुल्क प्रकाशित कर अनुग्रहित करें।
8. प्रभारी, कम्प्यूटर सेण्टर, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अम्बिकापुर, वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
9. व्यवस्थापक, बी.आर.सी.।
10. विश्वविद्यालय सूचना–पटल।
11. कार्यालयीन नस्ती।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Scanned by CamScanner